an>

Title: Need to transfer money directly to the bank accounts for the payment of wages to the employees of private contractors and institutions on the lines of government institutions.

श्री विजय सांपला (होशियारपुर): मैडम, मैं आपके माध्यम से देश में निजी ठेकेदार और निजी संस्थाओं के अंतर्गत कार्य कर रहे श्रमिकों के कल्याण का मुद्दा उठाना चाहता हूं। देखा गया है कि सरकारी, अर्द्ध-सरकारी संस्था, सार्वजनिक उपक्रम तथा अन्य विभागों में आजकल तृतीय श्रेणी और चतुर्थ श्रेणी के श्रमिकों को ठेकेदारों द्वारा या निजी संस्थाओं में जो काम करते हैं, उनको सही वेतनमान नहीं मिलता है। दिखाया कुछ जाता है, लेकिन होता कुछ है। मैं आपके माध्यम से यह मांग उठाना चाहता हूं, चूंकि मैं स्वयं एक श्रमिक रहा हूं और इस समस्या से जूझता रहा हूं, कि जो उनका वेतनमान है, वह सीधे सरकारी बैंकों द्वारा दिया जाए, ताकि उनको निजात मिले और देश का बहुत बड़ा जो श्रमिक वर्ग है, उसका कल्याण हो सके।